Need to open Kendriya Vidyalaya in Amreli-Laid

श्री नारणभाई काछड़िया (अमरेली): मेरा विषय मेरे संसदीय क्षेत्र में नया केन्द्रीय विद्यालय स्थापित करने के सन्दर्भ में है । जिसका प्रस्ताव के०वी०एस० संगठन की ओर से अनुमोदित (Approved), है, परन्तु Challenging Method Committee एवं Public Investment board की मीटिंग न होने के कारण अब तक विद्यालय के निर्माण कार्य हेतु मंत्रालय की ओर से अंतिम आदेश लंबित है, जिसके कारण विद्यालय के निर्माण कार्य की निविदा प्रक्रिया में विलम्ब हो रहा है । विद्यार्थियों को शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए अमरेली में केन्द्रीय विद्यालय स्थापित करना अति आवश्यक हो चुका है । उक्त विलम्ब के कारण विद्यार्थियों का पठन-पाठन कार्य प्रभावित ना हो इसके लिए K.V.S रीजनल कार्यालय द्वारा अमरेली में स्थित एक भवन में अस्थाई रूप से केंद्रीय विद्यालय का शैक्षणिक सत्र प्रारंभ करने का प्रस्ताव भी K.V.S. मुख्यालय के समक्ष स्वीकृति हेतु भेजा गया है । अतः मेरा अनुरोध है कि जल्द से जल्द मंत्रालय की ओर से Challenging Method Committee एवं Public Investment board की मीटिंग बुलाई जाए, जिससे उक्त दोनों प्रस्ताव को अंतिम मंजूरी प्राप्त हो सके ।